छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर छ0ग0
--00--

क्रमांक 170 /उ.शि/रा.से.यो./F-38-2/NSS/2022 रायपुर, दिनांक 23 /08/2022

प्रति,

1. **कुलसचिव**
समस्त रासेयो युक्त विश्वविद्यालय,
छत्तीसगढ़ ।

2. **प्राचार्य,**
समस्त रासेयो युक्त महाविद्यालय,
छत्तीगसढ़ ।

विषय :- छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राज्य प्रकोष्ठ में राज्य एनएसएस अधिकारी(राज्य संपर्क अधिकारी) के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु सूचना एवं आवदेन आमंत्रण संबंधी ।

--00--

विषयांतर्गत लेख है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना मैन्युअल 2006 के दिशा-निर्देश अनुसार छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राज्य प्रकोष्ठ में राज्य एनएसएस अधिकारी(राज्य संपर्क अधिकारी) का पद प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है । इस हेतु छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मापदण्ड अनुसार निम्नवत् सूचना के साथ आवेदन आमंत्रित किये जाते है :-

सूचना सह विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राज्य प्रकोष्ठ में राज्य एनएसएस अधिकारी(राज्य संपर्क अधिकारी) के एक पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु निम्नांकित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियो से आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

राज्य एनएसएस अधिकारी के लिये निर्धारित योग्यता -
(भारत सरकार, नेशनल सर्विस स्कीम मैन्युअल-2006 पार्ट-IV, चैप्टर 2 पेज 42-43 के अनुसार)

1.6 राज्य संपर्क अधिकारी के पद के लिए योग्यता -

1. अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय में कार्यक्रम समन्वयक या किसी कॉलेज में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कम से कम चार वर्षो तक लगातार कार्य करना चाहिए ।
2. भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा कार्यक्रम समन्वयक के रूप में नियुक्त होने के लिए निर्धारित योग्यता (विश्वविद्यालय या संबद्ध कॉलेज में रीडर/वरिष्ठ व्याख्यता तथा TOC/TORC में एनएसएस ओरिऐंटेशन किया हो) धारण करता हो ।
3. युवा कार्य और सामान्य रूप से सामाजिक कार्यो में रूचि होनी चाहिए ।

आवेदन लिफाफे पर राज्य एनएसएस अधिकारी(राज्य संपर्क अधिकारी) पद हेतु आवेदन पत्र लिखकर रजिस्टर्ड डाक से निम्न पते पर विस्तृत विवरण सहित प्रेषित कर सकते हैं जो दिनांक 09/09/2022 तक 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाये । अन्य जानकारी 0771-2262822 पर प्राप्त की जा सकती है ।

राज्य एन.एस.एस. अधिकारी
राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग
कक्ष कमांक-AD-1/35, महानदी भवन
मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.)

अतः उपरोक्त सूचना सह विज्ञापन के संदर्भ में अपने विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत इकाइयों/संस्था में राज्य एनएसएस अधिकारी(राज्य संपर्क अधिकारी) के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

संलग्न :- भारत सरकार, नेशनल सर्विस स्कीम मैन्युअल-2006 पार्ट-IV, चैप्टर 2 पेज 42-43 ।
(सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. समरेन्द्र सिंह)
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

....2

823 D:/HKY/NVERMA/NSS Letter 2020

पृ.क्रमांक 171 / उ.शि / रा.से.यो. / F-38-2 NSS/2022 रायपुर, दिनांक 23 / 08 / 2022

प्रतिलिपि :-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा छ.ग.शासन, मंत्रालय, रायपुर ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर को सूचनार्थ ।
3. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ ।
4. अवर सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001 ।
5. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा संचालनालय, समस्त संभाग, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं सूचना के प्रचार–प्रसार के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय केन्द्र, ई–1 / 123, अरेरा कालोनी, भोपाल ।
7. समस्त कार्यक्रम समन्वयक एवं समस्त जिला संगठक, रासेयो, को सूचनार्थ एवं क्षेत्रांतर्गत इकाईयों में प्राचार–प्रसार के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8. संपादक महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में उपरोक्त सूचना के प्रकाशन के संदर्भ में अनुरोध के साथ प्रेषित ।

(हस्ताक्षर)

राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग